New Delhi. The condemned materials were auctioned alongwith other articles on 4-2-1985 as surgical scraps. The auctioned Beta Ray Applicator has not been located.

(c) The Bet_a Ray Applicator is packed i_n wooden box with a thick casing of Lead for the protection of applicator also. I_n the packed condition it is not of any danger to any person. The Applicator if applied on the skin for one minute will only produce a mild irritation and congestion with no risk of any occurence of cancer. Even if it is removed from the casing and its holder and carried in the pocket, its emmission will hardly reach the skin in any serious concentration since :ts penetration i_s low.

मध्य प्रदेश में असाध्य रोग "याज" का फैलना

2291. **श्री अजीत जोगी :**
ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मध्य प्रदेश के बस्तर जिले में "याज" नामक असाध्य रोग फैला हुआ है;

(ख) यदि हां, तो सरकारी स्तर पर उसकी रोकथाम और उसके उपचार के लिए क्या कदम उठाये जा रहे हैं;

(ग) क्या यह सच है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार अफ्रीका और द. अमरीका को छोड़कर यह रोग पूरे विश्व में समाप्त हो गया है, परन्तु बस्तर जिले के आदिवासी अभी भी इस बीमारी के शिकार हो रहे हैं; और

(घ) यदि हां, तो क्या डाक्टरों और विशेषज्ञों का एक दल बनाकर इस बीमारी के उपचार के लिये कोई कार्यवाही किए जाने का विचार है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (कुमारी सरोज खापर्डे) : (क) और (ख) मध्य प्रदेश सरकार से मिली सूचना के अनुसार स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने जिला प्रशासन की मदद से 9-12-88 से 22-12-88 तक बस्तर जिले के प्रभावित अबजुझड़ क्षेत्र का एक सर्वेक्षण किया और याज के 423 रोगियों का पता लगाया गया। इन सभी रोगियों का उपचार किया गया/उपचाराधीन है।

बस्तर जिले में हाल ही में याज का फिर से प्रकोप फैलने से राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारियों ने पिछली स्थानिकमारी से प्रभावित 6 जिलों नामत: जगदलपुर/सरगुजा/बिलासपुर/सिद्धी/शाडोल और रायपुर के सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को सावधान कर दिया है कि वे याज के रोगियों पर नजर रखें। चिकित्सा अधिकारियों को याज के रोगियों का पता लगाने संबंधी विषय परिचायक जानकारी दी गई है।

(ग) मध्य प्रदेश के बस्तर जिले के अतिरिक्त याज संक्रमण के गढ़ अभी भी बस्तर जिले के पड़ोसी राज्यों में विद्यमान हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा स्थानिकमारी ट्रोपोनेमेटोस पर प्रकाशित हस्तपुस्तिका के अनुसार दक्षिण अमेरिका तथा अफ्रीका के अलावा दक्षिण पूर्व एशिया अर्थात् इंडोनेशिया और पपुआ नये गुइना में याज रोग फिर से हो गया है।

(घ) राज्य सरकार ने डाक्टरों और विशेषज्ञों के एक दल के साथ बस्तर जिले के प्रभावित अबजूझड़ क्षेत्र का अप्रैल-मई, 1989 के दौरान दोबारा सर्वेक्षण करने का प्रस्ताव किया है ताकि स्थिति का जायजा लगाया जा सके और उनके मूल्यांकन तथा पिछले स्थानिकमारी वाले शेष छह जिलों की रिपोर्टों के आधार पर राज्य स्वास्थ्य प्राधिकारी द्वारा यथेष्ट उपचारी उपाय किए जा सकें।